समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 17 October 2026

सोने की कीमतों मे गिरावट : जाने 7 जुलाई 2025 को आपके शहर मे क्या है ताजा रेट, क्या अब खरीदारी का सही मौका है ?

Publisher Published on 07 Jul 2025

अमेरिका के ट्रेड डील और टैरिफ मे बंदलाव के संकेतों के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार मे सोने के दाम गिरे, भारत मे 24 कैरेट गोल्ड 98 हजार के करीब।

Gold price: सोने की कीमतों में सोमवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। **अंतरराष्ट्रीय बाजार** से लेकर भारतीय बाजार तक **गोल्ड रेट** में गिरावट का असर देखने को मिल रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** द्वारा व्यापार समझौते को लेकर दिए गए संकेत और **टैरिफ** की समय-सीमा में बदलाव के कारण यह गिरावट देखी गई है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार मे गोल्ड फ्यूचर्स गिरा

स्पॉट गोल्ड 0.6 प्रतिशत गिरकर **3,314.21 डॉलर प्रति औंस** पर आ गया है, वहीं **US गोल्ड फ्यूचर्स भी 0.6** प्रतिशत लुढ़ककर **3,322 डॉलर प्रति औंस** पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी ट्रेड डील को लेकर जारी अनिश्चितता का असर निवेशकों की भावनाओं पर पड़ा है, जिससे सोने की मांग में गिरावट देखी गई।

7 जुलाई 2025 को भारत के प्रमुख शहरों मे सोने का रेट (24 कैरेट प्रति 10 ग्राम)

शहर	24 कैरेट (₹/10 ग्राम)	22 कैरेट (₹/10 ग्राम)
दिल्ली	₹98,993	₹90,763
मुंबई	₹98,847	₹90,617
बेंगलुरु	₹98,835	₹90,605

कोलकाता	₹98,845	₹90,615
पुणे	₹98,853	₹90,623

क्या यह सोना खरीदने का सही समय है ?

विशेषज्ञों का मानना है कि सोने की कीमतों में आई मौजूदा गिरावट उन निवेशकों के लिए अच्छा मौका हो सकता है जो दीर्घकालिक निवेश के लिए सोना खरीदना चाहते हैं। साथ ही, आने वाले समय में यदि अमेरिका और अन्य देशों के बीच व्यापारिक असहमति बनी रही तो सोने की कीमतें फिर से ऊपर जा सकती हैं।

कीमते कैसे तय होती है ?

सोने के दाम **डॉलर की मजबूती**, अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग और **आपूर्ति, सीमा शुल्क, करेंसी एक्सचेजं रेट** और **वैश्विक आर्थिक स्थिति** के आधार पर रोजाना तय होते हैं। भारत में सोना न केवल निवेश बल्कि **सामाजिक** और **धार्मिक कार्यों** में भी विशेष महत्व रखता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.